# शुद्धि पत्र

पत्रांक 15/पी 5–08/2016
बिहार सरकार
शिक्षा विभाग

प्रेषक,

अरशद फिरोज, (बि0प्र0से0)
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

पटना, दिनांक 2018

विषयः विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या 148 दिनांक 22.03.2018 द्वारा वित्तीय वर्ष 2017–18 में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों के विकास हेतु स्वीकृत की गई राशि कुल रू0 9,97,67,510/– (नौ करोड़ संतानबे लाख सड़सठ हजार पाँच सौ दस) मात्र में आंशिक संशोधन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या 148 दिनांक 22.03.2018 द्वारा वित्तीय वर्ष 2017–18 में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों के विकास हेतु कुल रू0 9,97,67,510/– (नौ करोड़ संतानबे लाख सड़सठ हजार पाँच सौ दस) मात्र सहायक अनुदान व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई है।

2. उक्त स्वीकृत्यादेश की कंडिका 02 में वर्णित विभिन्न योजनाओं के लिए स्वीकृत की गई राशि की विवरणी को निम्नवत् संशोधित किया जाता है :–

(क) पटना विश्वविद्यालय, पटना के आंतरिक पथों के सुदृढ़िकरण कार्य हेतु स्वीकृत राशि रू0 67,49,510/– को विलोपित किया जाता है।

(ख) नालन्दा कॉलेज, बिहारशरीफ के नये अमरनाथ भवन के उपर प्रथम तल्ले के निर्माण हेतु स्वीकृत की गई रू0 60,00,000/– (साठ लाख) मात्र की जगह रू0 31,90,000/– (इकतीस लाख नब्बे हजार) स्वीकृत किया जाता है।

उपरोक्त के आलोक में विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या 148 दिनांक 22.03.2018 द्वारा स्वीकृत की गई राशि रू0 9,97,67,510/– (नौ करोड़ संतानबे लाख सड़सठ हजार पाँच सौ दस) मात्र के स्थान पर रू0 9,02,08,000/– (नौ करोड़ दो लाख आठ हजार) मात्र संशोधित समझा जाए।

3. प्रारूप पर विभागीय प्रधान सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

**शेष यथावत् रहेगा।**

विश्वासभाजन,

ह0/–
(अरशद फिरोज)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक 15/पी 5–08/2016 पटना, दिनाक /2018

प्रतिलिपिः– विभागीय मंत्री के आप्त सचिव/वित्त विभाग (स्कीम एवं बजट शाखा)/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना/कार्यपालक अभियंता, नई राजधानी पथ प्रमण्डल, पटना/कुलसचिव, राज्य के सभी परम्परागत विश्वविद्यालय/प्रधानाचार्य, ए0एन0 कॉलेज, पटना/नालन्दा कॉलेज, बिहारशरीफ/निदेशक, उच्च शिक्षा/ कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना/अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, उच्च शिक्षा/प्रशाखा पदाधिकारी– 05, 14 एवं 15 तथा लेखापाल, उच्च शिक्षा एवं आई0टी0 मैनेजर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–
(अरशद फिरोज)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक 15/पी 5–08/2016 143 पटना, दिनाक 23/3/2018

प्रतिलिपि –प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा) बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

23/3/18

(अरशद फिरोज)
सरकार के उप सचिव